# नर्मदा स्नान कर रहे तीन युवक बहे

- स्थानीय गोताखोरों ने एक को बचाया , दो की तलाश
- तीनों युवक दीवानगंज से बाइक पर आए थे

**नवभारत न्यूज**
**सीहोर/ बुधनी 28 सितंबर. नर्मदा में तेज बहाव होने के बाद भी लोग अपनी जिंदगी को दांव पर लगाने से बाज नहीं आते.**

**रविवार को फिर नर्मदा नदी में नहाने उतरे तीन दोस्त गहरे पानी में चले गए. नतीजतन तीनों डूबने लगे. स्थानीय गोताखोरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह एक ही युवक को सकुशल बाहर निकाल पाने में कामयाब रहे, जबकि दो युवक तेज बहाव के साथ बह गए. हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है.**

रविवार को बुधनी के नर्मदा घाट पर स्नान करने के दौरान दो युवक तेज बहाव में बह गए, जबकि एक युवक को स्थानीय गोताखोरों की मदद से बचा लिया गया है. जानकारी के अनुसार रविवार को रायसेन जिले के दीवानगंज निवासी 25 वर्षीय नितेश साहू आ. मनोज साहू, 20



वर्षीय योगेश साहू आ. मुकेश साहू और तोरण यादव आ. भीकमसिंह यादव रविवार को बाइक से देवी दर्शन करने सलकनपुर जा रहे थे. रास्ते में उन्होंने बुधनी के नर्मदा घाट पर स्नान करने के बाद सलकनपुर जाने का प्लान बनाया.

बताया जाता है कि बुधनी घाट पर स्नान करने उतरे तीनों युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे. यह देख वहां मौजूद अन्य स्नानार्थियों ने और स्थानीय गोताखोरों ने एक युवक तोरण यादव को तो किसी तरह सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन नितेश व योगेश तेज बहाव में बह गए. घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से ग्वाड़िया घाट पर दोनों युवकों की तलाश की जा रही है. आंवली घाट पर तैनात एसडीआरएफ की टीम को भी युवकों की तलाश के लिए पाबंद किया गया है. समाचार लिखे जाने तक युवकों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी था. मौके पर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, तहसीलदार ललित सोनी एवं एसडीओपी रवि शर्मा भी मौजूद रहकर रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं.

# दुष्कर्मियों को मिले फांसी की सजा, घर पर चले बुलडोजर

## सर्व समाज ने की मांग, सोशल मीडिया पर व्यक्त की किया गुस्सा



**नवभारत न्यूज**
**अशोकनगर 28 सितम्बर.** नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी में मूकबाधिर 10 वर्षीय नाबालिग बालिका से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आने के बाद जहां पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

तो वहीं इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को लगी तो सभी ने इस मानवता को शर्मसार करने वाली घटना की निंदा की, तो वहीं आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने और फांसी की सजा दिये जाने की मांग की गई कि जिससे फिर से ऐसी कोई घटना घटित न हो। तो वहीं रविवार को प्रजापति समाज के लोग ग्राम उमरी पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़िता को न्याय दिलाने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग लेकर प्रदर्शन करने की बात कहीं। दरअसल हैवानियत की घटना सामने आने के बाद हर व्यक्ति का मन व्यतीथ हो गया, जिसको लेकर उन्होंने अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर साझा किया और आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। तो वहीं आरोपियों पर उनकी समाज सहित सर्वसमाज ने कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात कहीं।

विगत दिन हुईसामूहिक दुष्कर्म की घटना ने हर किसी को सोचने के लिए मजबूर कर दिया कि शांति प्रिये जिले में ऐसी भी दरिंदे है, जो अपनी हवास के लिए किसी भी को भी शिकार बना ले। इस घटना के बाद जहां सर्वसमाज ने इस घटना निंदा करते की तो वहीं आरोपियों को फांसी की सजा दिये जाने और उनके घर पर बुलडोजर चलाये जाने की बाते सोशल मीडिया पर कहीं। इसके अलावा प्रजापति समाज के लोग गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से न्याय दिलाने के लिए प्रशासन के समक्ष अपनी मांगे रखने की बात कहीं। इस दौरान समाज के वरिष्ठ लोगों ने अवगत कराया कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने और उनके घर पर बुलडोजर जैसी कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को समाज के लोगों प्रशासन को आवेदन दिया जाएगा। जिसमें मामले को फास्ट्रेक कोर्ट में मामला चलाये जाने और आरोपियों को फांसी दिये जाने की मांग की जाएगी।

### आरोपियों को भेजा जेल

उल्लेखनीय रहे कि ऊमरी निवासी 10 वर्षीय मूक बधिर मानसिक दिव्यांग नाबालिक बालिका के साथ आरोपी भगवत कुशवाह पुत्र परमानंद कुशवाह, अजय उर्फ संजू कुशवाह पुत्र दमोदर कुशवाह एवं जगदीश उर्फ चऊआ पुत्र मुन्नालाल कुशवाह निवासी ग्राम किरोंदा ने पहले अपहरण किया और उसके बाद खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म कर पीड़िता को नग्न अवस्था में खेत में छोड़कर भाग गये थे।जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने नईसराय पुलिस को निर्देशित किया गया, जिसके बाद पुलिस ने रात्रि में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए सलाखो के पीछे भेज दिया।

# सतपुड़ा की 10 नंबर इकाई ने रचा इतिहास

**सारनी 28 सितम्बर. सतपुड़ा पावर प्लांट की 10 नंबर इकाई ने लगातार 200 घंटे बिजली उत्पादन करके कीर्तिमान बनाया है।**

इकाई की इस उपलब्धि पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह ,ऊर्जा सचिव नीरज मंडलोई, पावर जनरेटिंग कंपनी के एमडी मनजीत सिंह ने मुख्य अभियंता श्री केथवास,अतिरिक्त मुख्य अभियंता,एस एन सिंह, तकनीकी स्टॉप के अधिकारियों को बधाई दी है। मंडल सूत्रों ने बताया कि पावर प्लांट की 10 नंबर इकाई ने इस वर्ष 5 मार्च से लगातार 200 दिन तक बिजली का उत्पादन कर प्रतिमान बनाया है। सूत्रों ने कहा कि थर्मल पावर प्लांट की 10 नंबर इकाई ने देश एवं प्रदेश में बिजली



उत्पादन का तीसरी बार रिकॉर्ड बनाया है। बताया जाता है कि 10 नंबर इकाई 2013 में शुरू होने के बाद कई शक्तिमान बनाए हैं। उक्त इकाई ने स्थापित की है। उक्त इकाई ने वित्तीय वर्ष 2022 -23 में 305 दिन बिजली उत्पादन करके नया कीर्तिमान स्थापित किया था। 10 इकाई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 170 एवं 200 दिन चलने का रिकॉर्ड भी बनाया है।

### इनका कहना है

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी की 10 नंबर इकाई ने 12 वर्षों में बिजली उत्पादन में कई कीर्तिमान अपने नाम किए हैं।इकाई की इस उपलब्धि के पीछे तकनीकी एवं ऑपरेशन स्टॉप के अधिकारी कर्मचारी के साथ-साथ मजदूरों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**व्हीके कैथवार**
**मुख्य अभियंता सतपुड़ा पावर प्लांट सारणी**

# आमला पुलिस ने ट्राली चोरी के मामले का किया खुलासा

**बैतूल 28 सितम्बर.** आमला पुलिस ने ट्रॉली चोरी के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार के अनुसार फरियादी तुलसीराम पिता पूरनलाल पवार निवासी ग्राम हसलपुर ने 27 जुलाई 24 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 जुलाई 2024 की दरमियानी रात्रि में घर के सामने रखी ट्रेक्टर की ट्राली को कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गये है। जिस पर थाना आमला मे धारा 303(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। संदिग्ध मोबाईल नम्बर की सीडीआर का अवलोकन व घटना स्थल पर उपस्थित साक्ष्य से संदेही कमलेश पिता मुड्डा उईके उम्र 25 साल निवासी बजरवाडा थाना कोतवाली बैतूल से चोरी के संबंध मे पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा अन्य आरोपी गुड्डु नर्रे के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकर किया। आरोपियों से एक ट्रेक्टर की ट्राली मशरूका बरामद किया गया। उक्त मामले का मशरूका व अज्ञात आरोपियो की तलाश पतासाजी एवं गिरफ्तारी करने मे निरीक्षक राजेश सातनकर, उनि अमित पवार की सराहनीय भूमिका रही।



# कुत्ते की मौत से भिड़े दो गुट डीजे की धुनों पर एतराज

- थाने तक पहुंचा बवाल
- हिंदुस की एंट्री

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 28 सितम्बर लोगों के विवादों को झगड़े और हंगामों में बदलते देखा होगा, लेकिन विदिशा शहर में उदयनगर कालोनी में एक पालतू कुत्ते की मौत के बाद मामला इतना बढ़ा कि दो गुट आमने-सामने आ गए, सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई और आखिरकार पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा. विवाद डीजे की तेज आवाज़ से जुड़ा बताया जा रहा है.यह विवाद मोहल्ले से निकलकर थाने तक पहुंच गया.**

नवरात्रि के अवसर पर हर साल की तरह यहां इस बार भी माता की झांकी सजाई गई थी. झांकी में ढोल-नगाड़ों और डीजे की तेज धुनों से माहौल भक्तिमय और ऊर्जावान हो उठा. लेकिन इसी झांकी के नज़दीक रहता है हेमंत अहिरवार का परिवार, जिनके घर का पालतू कुत्ता अचानक मर गया. परिवार का कहना है कि डीजे की कानफोड़ आवाज़ उनके कुत्ते की मौत की वजह बनी. शोकाकुल परिवार ने डॉगी का अंतिम संस्कार घर के सदस्य की तरह करने की तैयारी की. परिवार के सदस्यों ने डीजे बंद करने की बात कही गई. डीजे बंद न होने पर हेमंत अहिरवार ने खुद झांकी में लगे डीजे के तार खींच दिए. बस यहीं से माहौल बिगड़ गया.कुत्ते की मौत पर शिकयतकर्ता ने आरोप लगाए कि डीजे इतनी तेज बजाया जा रहा है जिसकी शिकायत हम पहले से कर रहे थे. हमारी बात किसी ने नहीं मानीज इससे हमारे कुत्ते की मौत हो गई.डीजे बंद करने की कोशिश ने झांकी संचालकों को नाराज़ कर दिया. उनका कहना था कि यह परिवार शुरू से ही झांकी के खिलाफ था और अब कुत्ते की मौत को बहाना बना रहा है. लोगों का कहना है कि यह परिवार हमेशा झांकी का विरोध करता रहा है. अब कुत्ते की मौत का मुद्दा बना लिया. डीजे के तार खींचे जाने के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ.

# दुबई, अमेरिका के वासियों ने मंदिर में जलाई आस्था की ज्योत

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मंदिरों में जलवाई जाती हैं ज्योति

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, नवरात्रि का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल के साथ मनाया जाता है. इस नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्गा नगर स्थित ज्वाला देवी मंदिर में अमेरिका, दुबई और देश के अलग-अलग प्रदेशों के लोगों द्वारा अपनी-अपनी मन्नतों को लेकर नो दिनों तक अखंड ज्योति जलाई जाती है।इस दौरान 851 ज्योति तेल की और 251 ज्योति घी की जलाई जा रही हैं.**

देश और प्रदेश सहित नगर में नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम और आस्था के साथ मनाया जा रहा है. इस दौरान लोग अपनी इच्छा अनुसार मन्नत पूरी होने पर मंदिरों में अखंड ज्योति जलाते हैं और मां की उपासना में नो दिनों तक पूजा अर्चना में लगे रहते हैं. इस दौरान जो लोग बाहर रहकर नौकरियों में लगे हुए हैं और उन्हें आने का समय नहीं मिल पाता



है ऐसे लोग मंदिर पुजारी से संपर्क कर अपनी अखंडज्योति मंदिर में देवी मां के पास जलवाते हैं. दुर्गा नगर स्थित ज्वाला देवी मंदिर पुजारी रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी ने बताया कि इस ज्वाला देवी मंदिर में बड़ी संख्या में अखंड ज्योति जलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान 851 अखंड ज्योति तेल की जलाई जा रही हैं और 251 अखंड ज्योति शुद्ध घी की जलाई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि अखंड ज्योति नवरात्रि में जलाने पर लोगों की मनोकामना पूरी होती है और लोग अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर अखंड ज्योति जलाते हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर भारत के लोग अमेरिका और दुबई सहित अन्य देशों में रहकर भी ज्वाला देवी मंदिर में अपनी अखंड ज्योति जलवाते हैं और हमारे देश के अन्य प्रदेशों के लोग भी बड़ी संख्या में अखंड ज्योति जलवाते हैं.उन्होंने कहा कि 251 ज्योति साल भर यहां जलाई जाती हैं. उन्होंने कहा कि शारदीय नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में अखंडज्योति जलाई जाती हैं और मंदिर में बड़े स्तर पर नगर कन्या भोज का आयोजन किया जाता है.

# लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों पर केस दर्ज, 2 गिरफ्तार

**मुलताई।** बीते गुरुवार की रात नगर के सराफा बाजार में लूट का प्रयास करने वाले आरोपियों पर पुलिस द्वारा शनिवार को अपराध दर्ज कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।टीआई देवकरण डहेरिया ने बताया फरियादी मयंक सोनी पिता संतोष सोनी उम्र 21 साल निवासी गायत्री एक्का के सामनें गांधी चौक मुलताई ने रिपोर्ट किया कि बीते 26 सितम्बर 2025 की रात करीबन 12.30 बजे मै मेरे दोस्त मानस चंदेल व करण पवार तीनो गांधी चौक से हमारे घर तरफ जा रहे थे तभी पुरानी अशोक टाकीज के सामनें चार लोग स्कुटी से दो दो करके हमारे सराफा की दुकान से घर तक रैकी कर रहे थे,एक ज्यूपीटर व एक एक्सेस स्कूटी से थे। जिसमें एक्सेस स्कूटी बिना नम्बर की थी तथा ज्युपिटर स्कूटी का नम्बर एमपी. 48 एमजे. 523 था। हम लोगो नें एक्सेस स्कूटी के साथ टाकिज के सामनें रुके लडको से पुछताछ की जो कि दोनो सिर पर केप पहनें थे तथा मुंह में मास्क लगाये हुये थे, तो वे लोग बाते घुमानें लगे मै व करण वहीं रुककर उनसे पुछताछ करनें लगा तथा मानस गांधी चौक तरफ पुलिस वालो को बुलानें चला गया। लड़का मेरे उपर राड लेकर दौडा एक लाल रंग की शर्ट पहने लडके नें करण के उपर कट्टा निकाल दिया। तभी हम लोग नें आवाज लगाई तो मोहल्ले के लोग पंहुचे तो वे लोग एक सफेद रंग की एक्सेस स्कूटी छोडकर वहां से भाग गये .

# आबकारी विभाग ने 11 जगह दबिश दी, प्रकरण बनाए

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 28 सितम्बर.** अवैध मदिरा विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन पर विशेष कार्यवाही करते हुए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के एवं वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के साबरस्या, सुस्याहेड़ी, ग्राम कुपा, भेसवा, बदेशी, भवानीपूरा, अमलावता एवं जमनागंज पर गश्त कार्य किया तथा मदिरा बिक्री एवं संग्रहण से संबंधित 11 संदिग्ध स्थलों पर दबिश दी जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1), 36(म) के अन्तर्गत 07 प्रकरण कायम किए, 04 खाली तलाशी बनाई. उक्त प्रकरणों में कुल 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 16 पाव देशी प्लेन मदिरा, 14 बियर मदिरा, 1 अंग्रेजी एमडी रम क्वार्टर कुल मूल्य 6360 रुपए जप्त की गई. उक्त कार्रवाई में वृत्त प्रभारी संदीप कुमार लोहानी, नरसिंहगढ व्रत प्रभारी पूजा चंदन वर्मा, खिलचीपुर व्रत प्रभारी अंकित चौहान, एवं मुख्य आरक्षक मोहन सिंह आबकारी आरक्षक गोरी शंकर विजयवर्गीय परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान, शिवम पचाई, महिमा मीना, गौतम लोधी, दिव्यान्शी , राशिका, संजय ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया.

# जिला अस्पताल की ओपीडी 900 के पार

**नवभारत न्यूज**
**बैतूल, 28 सितंबर. मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर अब लोगों की सेहत पर पड़ने लगा है।मरीजों में वायरल फीवर सहित डेंगू-मलेरिया जैसे लक्षण मिल रहे हैं।**

हालांकि स्वास्थ्य विभाग के

**बदलते मौसम का लोगों की सेहत पर पड़ रहा असर**
**वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, खांसी के ज्यादा मरीज**

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार जनवरी से अब तक जिले में डेंगू के 2 और मलेरिया के 4 मरीजों की पुष्टि हुई है। बता दे कि जिला अस्पताल की ओपीडी में इन दिनों रोजाना 1000 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब 250 मरीज वायरल फीवर से पीड़ित हैं। वायरल से प्रभावित बच्चों की संख्या ही 100 से ऊपर है। डॉक्टरों के अनुसार कोविड-19 के बाद से वायरल हर साल नया स्वरूप ले रहा है, जिससे इलाज में परेशानी हो रही है। एक बार संक्रमित होने के बाद मरीज 10 से 15 दिन में पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो पा रहे हैं। बुखार के साथ प्लेटलेट्स में कमी जैसे लक्षण लोगों की चिंता बढ़ा रहे हैं। इधर अस्पताल में मरीजों की भीड़ से डॉक्टरों पर काम का दबाव बढ़ गया है। स्थिति ऐसी हो गई है कि सिविल सर्जन और विशेषज्ञ चिकित्सकों को नियमित ओपीडी में इलाज करना पड़ रहा है।

**बच्चा वार्ड में भी क्षमता से ज्यादा बच्चे भर्ती :** मौसम में हो रहे बदलाव का असर सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित कर रहा है। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड मरीजों से भरा है।30 बेड की क्षमता वाले वार्ड में इससे अधिक बच्चे भर्ती है।हालात यह हैं कि कई बिस्तरों पर दो-दो बच्चों का इलाज करना पड़ा। डॉक्टरों का कहना है कि वायरल लंबे समय तक बच्चों को जकड़े रखता है, इसलिए भर्ती की अवधि भी बढ़ जाती है। अस्पताल और निजी क्लीनिक दोनों ही जगह मरीजों की भीड़ है। वायरल फीवर अब सामान्य नहीं रहा, यह हर साल पैटर्न बदलकर सामने आ रहा है। डॉक्टरों को बार-बार दवाएं बदलनी पड़ रही हैं। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि वायरल बुखार आमतौर पर साधारण बुखार की तरह ही होता है। बुखार होने पर तुरंत इलाज करवाना जरूरी है।

> मौसम में बदलाव से वायरल का प्रकोप बढ़ा है। बच्चों में वायरल तेजी से फैल रहा है। बच्चा वार्ड में बच्चों को भर्ती किया गया है। चूंकि वायरल लंबा चल रहा है इस वजह से जल्दी आराम नहीं मिल रहा है।हमारी टीम व्यवस्था बनाने में लगी है। सभी का मरीजों का इलाज किया जा रहा है।
> **- डॉ जगदीश घोरे,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल बैतूल

**पथ संचलन** | **मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी का शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न, आत्मरक्षा और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प**

# पथ संचलन में बहनों ने दिखाई शौर्य और आत्मरक्षा की कला

**गुना। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा रविवार को सोनी कॉलोनी स्थित नवदुर्गा झांकी स्थल पर भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बहनों ने भागीदारी की और पारंपरिक परंपरा को जीवंत करते हुए उत्साह के साथ शस्त्र पूजन किया। मातृशक्ति जिला संयोजिका सपना शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दुर्गा वाहिनी की बहनें शस्त्र पूजन के माध्यम से आत्मरक्षा की कला सीखती हैं और हर परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए तैयार रहती हैं। उन्होंने बताया कि शस्त्र पूजन



न केवल आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को भी सशक्त बनाता है। हिंदू संस्कृति में शस्त्र को शक्ति और साहस का प्रतीक माना गया है, और इसी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया जाता है।इस मौके पर दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पथ संचलन किया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में बहनों ने भाग लिया और शौर्य का परिचय दिया। तलवार से लेकर दंड तक चलाने का अद्भुत प्रदर्शन कर महिलाओं ने यह संदेश दिया कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। यह प्रदर्शन उपस्थित जनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना।

कार्यक्रम के दौरान झांकी स्थल पर बौद्धिक सत्र भी आयोजित हुआ। इसमें वर्तमान समय में समाज के सामने खड़ी चुनौतियों जैसे लव जिहाद और अन्य सामाजिक विषयों पर गंभीर चिंतन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को जागरूक होकर अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा करनी चाहिए।साथ ही समाज को भी इन मुद्दों पर सजग रहना होगा।

# मनरेगा उपयंत्री 40 दिन से कर रहे आंदोलन

## परिवार सहित भोपाल में घेराव की दी चेतावनी

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 28 सितम्बर.** मध्यप्रदेश के मनरेगा उपयंत्री अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से लगातार 40 दिन से हड़ताल पर हैं. उपयंत्रियों का कहना है कि वे अब तक शांतिपूर्ण तरीके से शासन-प्रशासन से गुहार लगाते रहे, किंतु आज तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है.

मुख्य मांगों में वेतन विसंगति दूर करना, अनुकम्पा नियुक्ति, निलंबन प्रक्रिया में सुधार, ग्रेच्युटी का प्रावधान, समय पर वेतन मिलना तथा सहायक यंत्री का प्रभार देना शामिल है. प्रदेश सरकार ने जुलाई 2023 में संविदा



कर्मचारियों के लिए नीति लागू करने की घोषणा की थी, जिसे अधिकांश विभागों ने लागू भी कर दिया है, लेकिन ग्रामीण विकास विभाग अब तक इस नीति को लागू नहीं कर पाया है. मनरेगा अभियंता संघ के प्रांत अध्यक्ष सतीश समेले ने बताया कि पंचायत मंत्री ने विभाग को समाधान हेतु स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया. प्रदेश के 55 जिलों में उपयंत्रियों ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा.